शुक्रवार
29 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 109 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## नालंदा में शराब माफियाओं पर उत्पाद विभाग का शिकंजा, पांच तस्कर गिरफ्तार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्यनिषेध विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में 27 मई 2026 को मद्यनिषेध अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन और उत्पाद थाना प्रभारी मुन्ना कुमार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध शराब कारोबार से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा भारी मात्रा में शराब बरामद की गई।

छापेमारी के दौरान कुल 66.915 लीटर अवैध चुलाई और विदेशी शराब जब्त की गई। साथ ही शराब तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे दो चौपहिया और एक दोपहिया वाहन को भी जब्त कर लिया गया। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।बेन थाना क्षेत्र के माली टोला गांव में छापेमारी कर शाहिद कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके घर से शराब के साथ एक ऑल्टो कार भी बरामद हुई। वहीं राजगीर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए रितेश कुमार और गौतम कुमार को विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया।

लहेरी थाना क्षेत्र के देवी रोड स्थित धनेश्वर घाट मंदिर के समीप जितेंद्र कुमार के पास से भारी मात्रा में विदेशी शराब और एक बाइक बरामद की गई।

इसके अलावा चिक्सौरा थाना क्षेत्र के सरदार बिगहा गांव में धनंजय कुमार को रॉयल स्टैग व्हिस्की समेत विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

उत्पाद विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि शराब तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सीबीआई शिकायत की सजा! युवक को घेरकर बेरहमी से तोड़े दोनों पैर



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में सीबीआई से शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। बदमाशों ने युवक को बीच सड़क पर घेरकर बेरहमी से पीटा और ईंट-पत्थरों से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घायल युवक गुड्डू कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

पीड़ित गुड्डू कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि देर शाम वह अपने दोस्त शिशुपाल कुमार के घर से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर उन्हें सड़क किनारे खींच लिया और पहले से घात लगाए अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। बदमाशों ने ईंट-पत्थरों से ताबड़तोड़ वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के दौरान बचाने पहुंचे दोस्त के भाई को भी आरोपितों ने दौड़ाकर भगा दिया। शोर सुनकर जब ग्रामीण मौके पर जुटने लगे तो सभी आरोपी फरार हो गए। रिपोर्ट के अनुसार हमले में गुड्डू कुमार के दोनों घुटने गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गए हैं।

पीड़ित ने गौतम कुमार, गौतम यादव, सौरभ यादव, मोनू यादव उर्फ मुन्ना और आशीष कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।,

## अस्थावां में भाईचारे की मिसाल, लोगों ने गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व धार्मिक आस्था, उत्साह और आपसी भाईचारे के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए कपड़े पहनकर अल्लाह की इबादत की तथा देश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी।

अस्थावां प्रखंड के चिस्तीपुर, अस्थावां, माफी, देशना, जाना, गिलानी, कोनंद, मकसिदपुर, मोहनी, कमसपुर, कोयरी बिगहा, ओयाव, उगावां, मुर्गियां चक और हरगावां समेत कई गांवों में बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। गांवों और मोहल्लों में सुबह से ही रौनक बनी रही।

उगावां गांव स्थित मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। इस दौरान इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। यह त्योहार लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।नमाज के बाद लोगों ने परंपरागत तरीके से कुर्बानी की रस्म अदा की। साथ ही जरूरतमंदों



और गरीब परिवारों के बीच मदद एवं सहयोग का भाव भी देखने को मिला। कई स्थानों पर लोगों ने जरूरतमंदों के बीच भोजन और अन्य सामग्री का वितरण भी किया। पूरे इलाके में खुशी, उल्लास और उत्सव का माहौल बना रहा।

बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। विभिन्न मस्जिदों, ईदगाहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

स्थानीय लोगों ने कहा कि बकरीद सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि इंसानियत, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला त्योहार है। नालंदा जिले में इस वर्ष बकरीद का पर्व पूरी शांति, सौहार्द और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसने सामाजिक एकता की खूबसूरत मिसाल पेश की।


## सावरकर के आत्मनिर्भर भारत के सपने को मोदी ने दी नई मजबूती : डॉ. सुनील कुमार

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 143वीं जयंती के अवसर पर बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर केवल स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानी नहीं थे, बल्कि आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत सोच रखने वाले राष्ट्रवादी विचारक भी थे।

उन्होंने कहा कि सावरकर का मानना था कि देश तभी शक्तिशाली बन सकता है जब वह आर्थिक, सैन्य और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर हो। उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को परमाणु शक्ति के रूप में नई पहचान दिलाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से देश को नई दिशा दी।

डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा उत्पादन में स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देकर भारत को मजबूत बनाने का कार्य किया है। आज देश में मिसाइल, युद्धपोत और रक्षा उपकरणों का निर्माण तेजी से बढ़ा है। साथ हीभारतीय संस्कृति और परंपरा को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।



उन्होंने कहा कि वीर सावरकर के राष्ट्रवाद, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता के विचार आज भी देश को नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

# नालंदा न्यायालय से विदा हुए जिला जज, अधिवक्ताओं की आंखें हुईं नम



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सफल जीवन की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान कई अधिवक्ता भावुक दिखाई दिए।

अपने करीब 10 माह के कार्यकाल में जिला जज गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने नालंदा व्यवहार न्यायालय को आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सौंदर्य से सुसज्जित करने की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य किए। उनके कार्यों और व्यवहार के कारण अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मियों के बीच विशेष सम्मान का भाव देखने को मिला।कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।वहीं महासचिव दिनेश कुमार ने मंच संचालन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने कहा कि नालंदा में मिला प्यार, सम्मान और सहयोग वे कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने कहा कि “बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू हैं तथा न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।”

उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को हमेशा अधिवक्ताओं का सम्मान करने और उनके कानूनी पक्षों को गंभीरता से सुनने का निर्देश दिया जाता रहा है। गौरतलब है कि उनका स्थानांतरण मधेपुरा जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद पर हुआ है, जबकि किशनगंज के जिला जज सुधांशु कुमार को नालंदा भेजा गया है।

# लगातार चौथी बार जिलाध्यक्ष बने सोनू कुशवाहा, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा का संगठनात्मक चुनाव रविवार को सोहसराय स्थित गंगा मैरेज हॉल में संपन्न हुआ। चुनाव में युवा नेता सोनू कुशवाहा को लगातार चौथी बार सर्वसम्मति से नालंदा जिलाध्यक्ष चुना गया। उनका चयन निर्विरोध होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। चुनाव प्रक्रिया पार्टी के प्रधान महासचिव एवं प्रभारी हिमांशु पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक अजय कुशवाहा तथा निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुशवाहा की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान दस डेलिगेट सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव कराया गया।

प्रभारी हिमांशु पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटी है। वहीं सोनू कुशवाहा ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा तथा पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के मार्गदर्शन में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं और उनके सहयोग से ही पार्टी आगे बढ़ती है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज बनने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर प्रेम कुमार चंदन, मल्लू महतो, सरमेरा प्रमुख संकेत कुमार चंदन, चंदन कुशवाहा, नंदन महतो, सुबोध पंडित, चमेली वर्मा, आकाश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, वीरू कुशवाहा, जगदीश महतो, रामजी महतो, बलराम कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, सुबोध पटेल, अरुण पटेल, मो. सैयद अहमद तथा मो. रियाजुद्दीन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।









# नालंदा कॉलेज केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई सेमेस्टर-2 परीक्षा



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत स्नातक सत्र 2025-29 के सेमेस्टर-2 की परीक्षा नालंदा कॉलेज परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देशानुसार सुरक्षा एवं अनुशासन के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर जिला प्रशासन के सहयोग से परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई। जांच के बाद ही छात्रों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुनीता सिन्हा ने बताया कि विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित किया गया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई, जिसमें कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में वीक्षक एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही प्रत्येक परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी एवं पंखों की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन पर प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा सुरक्षा कर्मियों के सहयोग की सराहना की।

# एनएच-20 पर भीषण टक्कर में मासूम की मौत, परिवार के तीन लोग घायल



बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा जिले के एनएच-20 पर गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम आरव कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा वेना थाना क्षेत्र स्थित डेंटल कॉलेज के समीप फ्लाईओवर पर हुआ, जहां झरझरिया वाहन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से सभी घायलों को बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान मासूम आरव कुमार ने दम तोड़ दिया। हादसे में बच्चे के पिता अमित कुमार, मां शिल्पी देवी और बहन अनोखी कुमारी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भागन बिगहा ओपी क्षेत्र के बबूरबन्ना गांव निवासी अमित कुमार के पिता का निधन हो गया था। परिवार वैशाली से अपने गांव लौट रहा था ताकि अंतिम संस्कार में शामिल हो सके। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।


घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि एनएच-20 पर सर्विस रोड निर्माण कार्य और गलत दिशा से वाहनों के परिचालन के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की है।

वेना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।









# जैतीपुर मोड़ पर चला वाहन जांच अभियान, छह वाहनों से वसूला गया छह हजार रुपये जुर्माना



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के जैतीपुर मोड़ के पास गुरुवार को पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए छह वाहनों से कुल छह हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। जानकारी के अनुसार, चंडी थाना पुलिस ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जैतीपुर मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान बाइक एवं अन्य वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस द्वारा हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र (PUC) समेत अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गई। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई वाहन चालक बिना हेलमेट एवं जरूरी दस्तावेजों के वाहन चलाते पाए गए, जिनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। उन्हें हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सभी आवश्यक कागजात साथ रखने की सलाह दी गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह गंभीर है और लोगों की सुरक्षा के लिए आगे भी ऐसे जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन करने से सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

# राशन वितरण के तनाव में पीडीएस दुकानदार की मौत, चंडी में शोक व्याप्त



चितरंजन कुमार

चंडी(अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत के जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदार नरेश पासवान की बुधवार देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार सहित पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। गुरुवार सुबह जैसे ही लोगों को घटना की जानकारी मिली, बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने लगे।

परिजनों ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें चंडी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के अनुसार 27 मई को उन्हें चंडी गोदाम से राशन आवंटित हुआ था। राशन उठाने के बाद वे लाभुकों को सूचना देने कोरुत गांव गए थे।

बताया गया कि शाम तक उनकी तबीयतसामान्य थी, लेकिन लगातार लाभुकों



क फोन आने और कम समय में राशन वितरण पूरा करने की चिंता को लेकर वे काफी मानसिक दबाव में थे। परिजनों का आरोप है कि इसी तनाव के कारण उन्हें हार्ट अटैक आया।घटना की सूचना मिलते ही जनवितरण विक्रेता संघ के प्रदेश नेता अविनाश यादव समेत कई पीडीएस दुकानदार उनके घर पहुंचे। संघ की ओर से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता भी दी गई। प्रखंड अध्यक्ष नरेश पासवान, सचिव चंद्रशेखर प्रसाद, मुन्ना सिंह, गौतम कुमार, पिंटू कुमार सहित कई लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया





# बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी, स्वास्थ्यकर्मी परिवार सदमे में



हिलसा(अपना नालंदा)। हिलसा शहर में गुरुवार को चोरी की बड़ी घटना सामने आई, जहां अज्ञात चोरों ने बंद पड़े एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना बिहार रोड स्थित बुढ़वा महादेव से मोमोनदपुर जाने वाली सड़क पर मदर टेरेसा स्कूल के समीप की बताई जा रही है।

गृहस्वामिनी गीरजू कुमारी ने बताया कि वह औरंगाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम पद पर कार्यरत हैं। उनका हिलसा स्थित घर पिछले करीब एक पखवाड़े से बंद पड़ा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर की छत के रास्ते अंदर प्रवेश किया और दोनों कमरों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।चोर घर से करीब 21 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, कान की बाली, 20 साड़ियां, तीन लहंगे, इनवर्टर, फराटा पंखा, पीतल और कांसे के बर्तन सहित पूजा के कई सामान चोरी कर ले गए। घर लौटने पर बिखरे सामान और टूटे ताले देखकर परिजनों के होश उड़ गए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है। सूचना मिलने पर हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान के लिए जांच-पड़ताल जारी है।

# राजगीर मलमास मेले में अवैध पार्किंग का खेल, वाहन चालकों से मनमानी वसूली




बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। विश्व प्रसिद्ध राजगीर मलमास मेले में श्रद्धालुओं और पर्यटकों से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पायल एक नजर थिएटर के बगल में संचालित पार्किंग स्थल पर बाइक से 150 रुपये, ऑटो से 200 रुपये और मारुति वाहन से 300 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। वाहन चालकों का आरोप है कि इतनी महंगी पार्किंग व्यवस्था देश में पहली बार देखने को मिल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी स्पष्ट सरकारी दर सूची के मनमाने तरीके से रसीद काटी जा रही है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मजबूरी में निर्धारित से अधिक राशि देनी पड़ रही है। कई वाहन चालकों ने इसे खुलेआम अवैध वसूली बताते हुए जिला प्रशासन और नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

मलमास मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में पार्किंग के नाम पर की जा रही भारी वसूली लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। आरोप है कि संबंधित विभागों की अनदेखी के कारण अवैध पार्किंग संचालकों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर उचित पार्किंग शुल्क निर्धारित करने और अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। वहीं प्रशासन की ओर से अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।


# गांव के बीचोंबीच बंद ट्रांसफार्मर से क्वाइल चोरी, ग्रामीणों में दहशत फैली



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के मिरदाहाचक गांव में बंद पड़े 63 केवी ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों द्वारा क्वाइल चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। गांव के बीचोंबीच हुई इस चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी वाले क्षेत्र में इतनी बड़ी चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार उर्फ बड़े पासवान ने बताया कि करीब सात वर्ष पहले ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर गांव में ट्रांसफार्मर लगवाया था। बाद में बिजली विभाग ने पुराने ट्रांसफार्मर का कनेक्शन हटाकर उसी स्थान पर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया, जिससे सौ से अधिक घरों में बिजली आपूर्ति की जा रही है। पुराना ट्रांसफार्मर लंबे समय से बंद पड़ा था।बताया गया कि बुधवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने बंद ट्रांसफार्मर को निशाना बनाते हुए उसमें लगी क्वाइल चोरी कर ली। गुरुवार सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद हरनौत थाना और बिजली विभाग के कनिय अभियंता को फोन से सूचना दी गई।सूचना मिलते ही हरनौत विद्युत प्रशाखा के जेई मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। जेई ने बताया कि बंद पड़े 63 केवी ट्रांसफार्मर से क्वाइल चोरी की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।






# वीर सावरकर राष्ट्रभक्ति, त्याग और सामाजिक समरसता के अमर प्रेरणास्रोत हैं:- संजय सरावगी



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि वीर सावरकर का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, तपस्या और सामाजिक समरसता का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सावरकर ने अपना संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा और देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वीर सावरकर केवल महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक, लेखक और समाज सुधारक भी थे। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनके साहस और क्रांतिकारी विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि "सावरकर माने तेज, त्याग और तप", जिनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।संजय सरावगी ने कहा कि वीर सावरकर ने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई तथा सामाजिक समता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का कार्य किया। उनका मानना था कि संगठित और सशक्त भारत ही विश्व में गौरवशाली स्थान प्राप्त कर सकता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प वीर सावरकर के विचारों को और अधिक प्रासंगिक बनाता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्रहित और समाजसेवा के कार्यों में जुटा हुआ है।अंत में उन्होंने कहा कि वीर सावरकर की जयंती पर सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

# जदयू प्रदेश कार्यालय पहुंचे नीतीश कुमार, जनसुनवाई कार्यक्रम की समीक्षा की



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना पहुंचे। उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदेश कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया तथा उत्साहपूर्ण नारों से अभिनंदन किया।प्रदेश कार्यालय पहुंचने के बाद नीतीश कुमार ने उनके निर्देशन में संचालित जनसुनवाई कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी ने उन्हें जनसुनवाई कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत फीडबैक दिया। उन्होंने कार्यक्रम के संचालन, आम लोगों की समस्याओं और उनके समाधानकी प्रक्रिया की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी। नीतीश कुमार ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आम लोगों के बीच पार्टी की सक्रियता बढ़ाने को लेकर चर्चा की। उनके आगमन से प्रदेश कार्यालय में उत्साह, उमंग और नई ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं में अपने प्रिय नेता से मिलने और उनसे संवाद करने का विशेष उत्साह नजर आया।

इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, मंत्री मदन सहनी, बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, विधायक हेमनारायण साह, लोकप्रकाश सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्लोबल आइकन अवार्ड में गरजीं डॉ. दिव्य ज्योति, शिक्षक राजनीति पर उठाए सवाल





जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। बाढ़ स्थित माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में गुरुवार को "ग्लोबल आइकन अवार्ड 2026" सह शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों, प्राचार्यों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समारोह में शिक्षा सुधार, शिक्षक अधिकार, वित्त रहित शिक्षकों की समस्याएं और वर्तमान शिक्षक राजनीति की कार्यशैली पर खुलकर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का उद्घाटन एकेडमी ऑफ ग्लोबल अचीवर्स की चेयरपर्सन एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की एमएलसी प्रत्याशी डॉ. दिव्य ज्योति, चाणक्य फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संरक्षक डॉ. अशोक गगन सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में डॉ. दिव्य ज्योति ने कहा कि शिक्षक समाज अब केवल सम्मान की बातें नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और जवाबदेही की मांग कर रहा है। उन्होंने वर्तमान शिक्षक नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्षों तक प्रतिनिधित्व मिलने के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने एमएलसी फंड के उपयोग में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों में अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दिए।उन्होंने कहा कि यह चुनाव शिक्षक सम्मान, जवाबदेही और नई सोच की लड़ाई है। डॉ. दिव्य ज्योति ने समान वेतन, सेवा सुरक्षा, पारदर्शी प्रोन्नति नीति और वित्त रहित शिक्षकों के अधिकारों को अपना मुख्य एजेंडा बताया। कार्यक्रम में कई शिक्षकों और प्राचार्यों को सम्मानित भी किया गया।

# वीर सावरकर के आदर्शों से राष्ट्र निर्माण और समृद्ध बिहार का संकल्प : सम्राट चौधरी



जेपी चौधरी


पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को बिहार विधान परिषद के उप भवन सभागार में आयोजित समारोह में वीर विनायक दामोदर सावरकर की जीवनी पर आधारित पुस्तक 'वीर सावरकर की जीवनी' का लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम वीर सावरकर की 143वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह में सांसद शिवेश कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जबकि मुख्यमंत्री ने वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर सावरकर राष्ट्रवाद, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों और कुछ इतिहासकारों ने कई स्वतंत्रता सेनानियों को गुमनाम रखने की कोशिश की, लेकिन आज देश का हर नागरिक वीर सावरकर के योगदानसे परिचित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावरकर ने लगभग 27 वर्षों तक जेल में कठोर यातनाएं झेलीं, फिर भी राष्ट्र सेवा के मार्ग से नहीं हटे।

सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर सावरकर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भी सावरकर के विचारों पर रिसर्च कर युवाओं को प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बिहार को ज्ञान, शिक्षा और उद्योग का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल केरूप में सरस्वती विद्या निकेतन स्थापित किए जाएंगे।उन्होंने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता। कार्यक्रम में विधान परिषद सभापति अवधेश नारायण Singh, सांसद भीम सिंह, विधायक मुरारी पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भोजपुरी लोकगायक भारत सिंह भारती पद्मश्री सम्मान से हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित






अजीत कुमार

जहानाबाद(अपना नालंदा)। बिहार के प्रसिद्ध भोजपुरी लोकगायक भारत सिंह भारती को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति Droupadi Murmu ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस उपलब्धि से पूरे बिहार, खासकर भोजपुर जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।

भोजपुर जिले के अगिआंव प्रखंड स्थित ननौर गांव निवासी भारत सिंह भारती पिछले कई दशकों से भोजपुरी लोकसंगीत और लोकसंस्कृति की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने अपने गायन जीवन की शुरुआत गांव की कीर्तन मंडलियों से की थी। अपनी मधुर आवाज और लोकधुनों के दम पर उन्होंने बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश में अलग पहचान बनाई।

बताया जाता है कि वर्ष 1962 से वे ऑल इंडिया रेडियो, पटना से जुड़े रहे और अब तक एक हजार से अधिक भोजपुरी लोकगीतों को अपनी आवाज दे चुके हैं। लोकगायन के साथ तबला, हारमोनियम, बांसुरी और सितार जैसे वाद्य यंत्रों पर भी उनकी गहरी पकड़ रही है।

पद्मश्री सम्मान की खबर मिलते ही उनके गांव ननौर में जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने इसे भोजपुरी भाषा और बिहार की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान बताया। लोकसंगीत विशेषज्ञों का कहना है कि भारत सिंह भारती ने पारंपरिक भोजपुरी लोकगीतों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जहानाबाद में भाईचारे संग शांतिपूर्ण संपन्न हुई बकरीद, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



अजीत कुमार

जहानाबाद(अपना नालंदा)। ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शनिवार को जहानाबाद जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पर्व को लेकर जिला पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क नजर आया। जिले के विभिन्न मस्जिदों और इबादतगाहों में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

पुलिस अधीक्षक Aparajita Lohan ने नगर थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों और संवेदनशील स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घोषी, नगर थाना अध्यक्ष सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया।

पर्व की पूर्व संध्या पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में कारगिल चौक से शहरभर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि नमाज केवल निर्धारित स्थलों पर ही अदा की जाएगी। जिले के सभी मस्जिदों और इबादतगाहों के आसपास पुलिस बल लगातार तैनात रहा।

सोशल मीडिया पर अफवाह और भड़काऊ संदेशों पर नजर रखने के लिए साइबर पुलिस को भी सक्रिय किया गया था। प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि शांति व्यवस्था भंग करने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों से संवाद कर आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पूरे दिन जिले में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा

# जहानाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, अफवाहों और पैनिक बुकिंग से बचने की अपील



अजीत कुमार

जहानाबाद(अपना नालंदा)। जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अनावश्यक पैनिक बुकिंग से बचने की अपील की है। यह जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों, गैस एजेंसी संचालकों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के बाद दी।

बैठक में जिले की सभी 19 गैस एजेंसियों की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रशासन के अनुसार जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर वितरण की औसत डिलीवरी अवधि 4.87 दिन बताई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण भी किया गया। गुरुवार को एक गैस एजेंसी और चार अन्य स्थानों की जांच की गई, लेकिन कहीं से भी अवैध कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत नहीं मिली।

प्रशासन ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है। नागरिक दूरभाष संख्या 06114-223013 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे शांत रहें, अफवाहों से बचें और आवश्यकता अनुसार ही गैस बुकिंग कराएं, ताकि सभी उपभोक्ताओं तक सुचारु रूप से आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित करेगा नवबिहार टाइम्स

औरंगाबाद (अपना नालंदा)। हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दी पत्रकारिता दिवस 2026 के अवसर पर नवबिहार टाइम्स (हिन्दी दैनिक) द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

नवबिहार टाइम्स की ओर से दिए जाने वाले सम्मान पत्र के माध्यम से उन पत्रकारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता, जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आयोजन का उद्देश्य हिन्दी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा को सम्मान देना और पत्रकारिता के मूल मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

इस संबंध में नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर ने बताया कि हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ हैं और समाज को सही दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान समारोह पत्रकारों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ युवा पत्रकारों को ईमानदार और जिम्मेदार पत्रकारिता के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों एवं मीडिया जगत में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# जीआई टैग की दहलीज पर दीघा का दूधिया मालदह आम, लौटेगी पुरानी पहचान





संजय कुमार

पटना(अपना नालंदा)। बिहार की कृषि विरासत और पारंपरिक स्वाद का प्रतीक माना जाने वाला दीघा का प्रसिद्ध "दूधिया मालदह" आम अब अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अपनी अनोखी मिठास, खास सुगंध और दूधिया चमक के कारण पहचान रखने वाला यह आम जल्द ही भौगोलिक संकेतक यानी जीआई टैग प्राप्त कर सकता है। बिहार कृषि विश्वविद्यालय और कृषि अनुसंधान संस्थान इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

पटना के दीघा क्षेत्र में कभी विशाल आम के बागान हुआ करते थे। गर्मियों में पूरा इलाका आम की खुशबू से महक उठता था। आज शहरीकरण और बहुमंजिला इमारतों के विस्तार के कारण ये बागान लगभग समाप्त हो चुके हैं। फिर भी बिहार विद्यापीठ, संत जेवियर्स कॉलेज और कुर्जी फैमिली हॉस्पिटल परिसर में इस दुर्लभ प्रजाति के कुछ पुराने वृक्ष अब भी सुरक्षित हैं। इन्हीं पेड़ों को आधार बनाकर इस विरासत को बचाने की कोशिश की जा रही है।


पटना के मीठापुर स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान में दूधिया मालदह आम के प्रमाणित कलमी पौधे तैयार किए जा रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. शिवनाथ दास ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इस आम के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर विशेष कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा, सोन, गंडक और पुनपुन नदियों के जल से मिलने वाले खनिज तत्व इस आम को विशेष स्वाद और दूधिया चमक प्रदान करते हैं। यही कारण है कि इसका स्वाद अन्य क्षेत्रों में तैयार होने वाले आमों से अलग माना जाता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, दूधिया मालदह आम में गूदा अधिक और गुठली बेहद पतली होती है। इसका स्वाद इतना खास होता है कि इसे "मालदह का राजा" भी कहा जाता है। वैज्ञानिक जांच में इसका टीएसएस संतुलित पाया गया है, जिसके कारण चिकित्सकीय सलाह के अनुसार मधुमेह रोगी भी सीमित मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं।

जीआई टैग के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक और वैज्ञानिक प्रमाण जुटाए हैं। बिहार अभिलेखागार,
खुदाबख्श लाइब्रेरी तथा बिहार विधानसभा पुस्तकालय से वर्ष 1905 और 1907 के दस्तावेज एकत्र किए गए हैं, जिनमें इस आम का उल्लेख मिलता है। विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार को आवेदन भेजा जा चुका है और प्रक्रिया लगभग पूरी मानी जा रही है। अगले एक-दो महीनों में स्वीकृति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

मुख्य वैज्ञानिक डॉ. संगीता कुमारी ने बताया कि संस्थान में करीब 50 हजार कलमी पौधे तैयार किए जा रहे हैं। सभी पौधे 'साटा बांध' तकनीक से विकसित किए जाते हैं, जिससे मातृ वृक्ष के सभी गुण नए पौधों में सुरक्षित रहते हैं। किसानों के बीच भी इस आम की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, दूधिया मालदह केवल एक फल नहीं बल्कि दीघा की सांस्कृतिक पहचान है। कभी गंगा नदी के रास्ते नावों से इसकी सप्लाई दूर-दूर तक होती थी। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन भी इसके स्वाद के प्रशंसक थे। विशेषज्ञों का मानना है कि जीआई टैग मिलने से इस आम की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी, किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा और दीघा की खोती हुई पहचान फिर से जीवित हो सकेगी।

# पटना के निशांत दयाल ने क्रिकेट कहानियों को दिया वैश्विक मंच




पटना (अपना नालंदा)। क्रिकेट की दुनिया में मैदान के आंकड़ों से परे छिपी भावनात्मक और अनसुनी कहानियों को दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से पटना के युवा उद्यमी निशांत दयाल और उनकी सह-संस्थापक जया प्रसाद ने "मिड विकेट स्टोरीज" नामक वैश्विक क्रिकेट स्टोरीटेलिंग प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है। इसका भव्य लॉन्च मुंबई के आईटीसी मराठा होटल में किया गया।

मिड विकेट स्टोरीज के माध्यम से अब तक सात शहरों, चार देशों और तीन महाद्वीपों में क्रिकेट जगत के कई दिग्गज खिलाड़ियों के साथ विशेष एपिसोड फिल्माए जा चुके हैं। इनमें एलन बॉर्डर, विव रिचर्ड्स, इयान बॉथम, क्रिस गेल, हरभजन सिंह, जहीर खान, नवजोत सिंह सिद्धू, सनथ जयसूर्या और मैथ्यू हेडन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

लॉन्च के अवसर पर निशांत दयाल ने कहा कि यह सिर्फ क्रिकेट शो नहीं, बल्कि खेल की भावनात्मक विरासत को संजोने का प्रयास है। उनका उद्देश्य ऐसा मंच तैयार करना था, जहां खिलाड़ी अपने संघर्ष, दोस्ती, प्रतिद्वंद्विता और ड्रेसिंग रूम की अनसुनी यादों को खुलकर साझा कर सकें।

इस पहल का सामाजिक सरोकार भी जुड़ा है। डॉ. दयाल फाउंडेशन ने हर संस्करण के बाद दो बच्चों की हार्ट सर्जरी कराने का संकल्प लिया है। वहीं, क्रिकेट के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मिड विकेट स्टोरीज क्रिकेट जगत में एक नई और प्रेरणादायक पहचान बना रहा है।

# हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह में सम्मानित होंगे वरिष्ठ पत्रकार डॉ शशि भूषण कुमार



पटना (अपना नालंदा)। हिंदी पत्रकारिता के 200 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के अवसर पर 30 मई 2026 को कोलकाता में आयोजित भव्य अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं स्मरण उदन्त मार्तण्ड सम्मान समारोह में बिहार के वरिष्ठ पत्रकार डॉ शशि भूषण कुमार को "स्मरण उदन्त मार्तण्ड सम्मान 2026" से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडियन चैप्टर एवं भारतीय हिन्दी प्राध्यापक परिषद द्वारा कोलकाता गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता से पहले हिंदी समाचार पत्र "उदन्त मार्तण्ड" का प्रकाशन शुरू किया था। इसी ऐतिहासिक अवसर के 200 वर्ष पूरे होने पर यह विशेष समारोह आयोजित हो रहा है।

डॉ शशि भूषण कुमार सार्क देशों में मातृभाषा और मानवाधिकार पत्रकारिता के लिए चर्चित रहे हैं। वह 31 मई को रामकृष्ण मिशन बेलूर मठ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विचार सभा में भगवान महावीर और बुद्ध के सत्य, अहिंसा एवं शांति के संदेश पर अपने विचार रखेंगे।

इसके अलावा 1 जून को वैशाली इंटरनेशनल विद्यापीठ एवं मानवाधिकार टुडे के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें 51 पत्रकारों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों को विभिन्न सम्मान प्रदान किए जाएंगे।डॉ कुमार को इससे पूर्व "साउथ एशिया हीरो अवॉर्ड 2026" तथा "धर्मादित्य धर्माचार्य अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा पत्रकारिता सम्मान 2025" सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

# हरनौत में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, पांच जून तक होगी एंट्री

हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुचारा फिल्ड में जल्द ही नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह एवं पैक्स अध्यक्ष सह व्यापार मंडल अध्यक्ष द्वारा कराया जा रहा है।

टूर्नामेंट के संरक्षक मनीष कुमार ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद, जबकि उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये नगद के साथ ट्रॉफी और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।इसके अलावा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मैन ऑफ द सीरीज को कुलर, बेस्ट बॉलर को टेबल फैन, बेस्ट बल्लेबाज को जूसर और बेस्ट फील्डर को रनिंग शूज के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

# कौआकोल में हर्षोल्लास से मनाई गई बकरीद, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। कौआकोल प्रखंड में गुरुवार को मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास, उल्लास और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों की मस्जिदों एवं ईदगाहों में अकीदतमंदों ने निर्धारित समय पर बकरीद की नमाज अता की। नमाज के दौरान लोगों ने देश में अमन-चैन, क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी बारिश की दुआ मांगी।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा खुशियां साझा कीं। पर्व के अवसर पर गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर भी देखने को मिली, जहां विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद लोगों ने अपने घरों में पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और दिनभर रिश्तेदारों एवं परिचितों के घर आने-जाने का सिलसिला चलता रहा।

बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं एसटीएफ के जवान लगातार क्षेत्र में गश्त करते दिखाई दिए। कौआकोल सीओ मनीष कुमार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सक्रिय रहे।

# हरनौत में रिटायर्ड डीएसपी के सूने घर पर धावा, 15 लाख की चोरी

हरिओम कुमार



हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय थाना क्षेत्र के हासनचक मोड़ पर कल्याण बिगहा रोड में रिटायर्ड डीएसपी के बंद पड़े घरों से अज्ञात चोरों ने बुधवार की मध्य रात्रि नगद समेत लाखों रुपए के समान चोरी कर ली गई है। मेन गेट का ताला काट कर चोरों ने घर में घुसकर महज आधे घंटे के अंदर ही गोदरेज में रखें सोने चांदी के बने जेवरात और 25 हजार नगद समेत लगभग 15 लाख रुपए की सामान चोरी कर मौके फरार हो गया। घटना के संबंध में रिटायर्ड डीएसपी दिनेश पासवान उर्फ ब्रजेश ने बताया कि बुधवार को घर में ताला लगाकर सभी परिवार किसी काम के सिलसिले से पटना चले गए थे।घर पर एक पालतू कुत्ता था।वापस देर रात्रि को घर पहुंचा तो देखा कि मेन गेट का ताला कटा हुआ है। घर में रखें सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जब अंदर प्रवेश किया तो देखा की तीन रूम का ताला भी टूटा हुआ था और अलमारी एवं गोदरेज को तोड़कर उसमें रखे सोने के एक पीस चैन, बाला,जितिया, कनवाली चांदी के एक जोड़ा पायल और 25 हजार रुपए नगद समेत महंगे कपड़े व सामान गायब था। चोरी करने के बाद सीढ़ी के रास्ते पीछे से नीचे उतर कर फरार हो गया। घटना केबाद गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना दी गई। चोरी की सूचना मिलती ही हरनौत थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंची ।चोरी के बाद पीड़ित परिवार काफी चिंतित है।

वहीं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ आवेदन दिया गया है। घटना स्थल पर पुलिस पहुंची थी । मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के सहारे पुलिस चोरों की शिनाख्त करने में जुटी हैं।तीन लोग सीसीटीवी में दिखाई दिया है।

# डुमरी के पास खड़ी ट्रक से टकराई गाड़ी, युवक की दर्दनाक मौत

चितरंजन कुमार

चंडी(अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के भीमसेन बिगहा गांव निवासी 25 वर्षीय मुन्ना कुमार की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के समीप बुधवार रात करीब 10 बजे हुई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

मृतक के पिता मदन राम ने बताया कि मुन्ना कुमार चंडी से बालू लाने के लिए अरवल सोन की ओर जा रहा था। इसी दौरान डुमरी गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक के पीछे उसकी गाड़ी जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोगों ने बताया कि मुन्ना कुमार मेहनती और मिलनसार स्वभाव का युवक था। वह परिवार की जिम्मेदारियों को भी पूरी मेहनत से निभा रहा था। उसकी असमय मौत से गांव के लोग गमगीन हैं।सूचना पर पहुंची पिपरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं ग्रामीणों ने सड़क किनारे भारी वाहनों को खड़ा किए जाने पर चिंता जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# पारस कुमार सिंह ने उठाई मगही को माध्यमिक शिक्षा में मातृभाषा को दर्जा देने की मांग




संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। मगही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीबीएसई द्वारा मैथिली भाषा को पहली कक्षा से माध्यमिक स्तर तक मातृभाषा विषय के रूप में शामिल किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बिहार की भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने वाला कदम है।उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इसी तर्ज पर बिहार की प्राचीन, समृद्ध और व्यापक रूप से बोली जाने वाली मगही भाषा को भी माध्यमिक स्तर तक मातृभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। पारस कुमार सिंह ने कहा कि मगही केवल क्षेत्रीय बोली नहीं, बल्कि करोड़ों लोगोंकी भावनाओं और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी भाषा है। देश-विदेश में बड़ी संख्या में लोग इसे बोलते और समझते हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में मगही विषय के लिए शिक्षकों की बहाली की जा चुकी है। इससे स्पष्ट होता है कि मगही भाषा का साहित्य, इतिहास और शैक्षणिक महत्व अत्यंत समृद्ध एवं सशक्त है।

उन्होंने केंद्र सरकार और सीबीएसई से मांग करते हुए कहा कि मैथिली की तरह मगही भाषा को भी विद्यालयी शिक्षा में शामिल किया जाए, ताकि मगध क्षेत्र के करोड़ों लोगों को गौरव और सम्मान की अनुभूति हो सके।

# कर्मियों की कमी से लड़खड़ाया पंचायत का कार्य ,30 से लौटेंगे अपने काम पर

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।पंचायत सचिव की भारी कमी से हरनौत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का काम-काज बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

स्थिति तब और बिगड़ गई जब एक से अधिक पंचायत का कामकाज देख रहे पंचायत सचिव को हीं अन्य पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया। ज्ञात हो कि प्रखंड में नेहुसा,गोनावां,सरथा,पोआरी,चेरो,डिहरी,बसनियावां,चौरिया,पचौरा,बराह,तेलमर,लोहरा,सोराडिह,पाकड़,कोलावां व मुढ़ारी सहित कुल 16 पंचायत है।

इसे देखने के लिए मात्र सात पंचायत सचिव तैनात है। इनमें नेहुसा , बराह और पोआरी पंचायत में तैनात पंचायत सचिव विकास कुमार,लोहरा और सरथा पंचायत के पंचायत सचिव विकास कुमार,मुढ़ारी व चेरो पंचायत के पंचायत सचिव नेहा कुमारी ,गोनावां व सोराडीह के पंचायत सचिव आनंद कुमार शर्मा तथा तेलमर और पाकड़ पंचायत के पंचायत सचिव रंजीत कुमार बीते आठ अप्रैल से विभिन्न पांच सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इसमें जिलास्तरीय स्थानांतरण लागू करने,

शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित करने,यात्रा भत्ता बढ़ाकर 2000 रुपये करने,

ग्रेड पे 4200 रुपये निर्धारित करने एवं

55 वर्ष से अधिक के पंचायत सचिवों की प्रोन्नति प्रखंड पंचायत पदाधिकारी पद पर नहीं करने का आदेश वापस लेने था। फिलहाल प्रभार पंचायत सचिव को सौंपा है।दरअसल , हरनौत प्रखंड के सभी पंचायतों में कुल सात पंचायत सचिव कार्यरत थे।इनमें से 5 पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने के बाद यह अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दोहरे प्रभार के कारण ये कर्मी न तो अपने पंचायत का काम देख पा रहे हैं और न ही अन्य पंचायतो का। ऐसी स्थिति में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, योजना संबंधित वित्तीय लेनदेन अन्य कामकाज में परेशानी हो रही है।